नवोदय टाइम्स
SUN,10 NOVEMBER 2024
EDITION: GURGAON, PAGE NO. 3

# राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित

## जुलाई-सितम्बर-2024 तिमाही के आंकड़ों की समीक्षा की गई



*बैठक में हिस्सा लेते पदाधिकारी व सदस्य।*

गुड़गांव, 9 नवम्बर (ब्यूरो): कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) उप क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम में विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 62वीं बैठक का आयोजन निदेशक (प्रभारी) विकास कुण्डल की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में कार्यालय के सभी अधिकारियों व कार्यालय अधीक्षकों ने भाग लिया।

सदस्य सचिव डॉ. स्वीटी यादव, सहायक निदेशक (राजभाषा) ने अध्यक्ष व उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया। बैठक में जुलाई-सितम्बर-2024 तिमाही के आंकडों की समीक्षा गई। समीक्षा करते हुए सदस्य सचिव ने बताया कि कार्यालय की सभी शाखाओं द्वारा हिंदी में प्राप्त सभी पत्रों के उत्तर हिंदी में ही दिए जा रहे हैं। धारा-3 (3) के अंतर्गत आने वाले सभी दस्तावेज द्विभाषी रूप में ही जारी किए जा रहे हैं। कार्यालय द्वारा जारी किए जाने वाले सभी मूल पत्र हिंदी में ही जारी किए जा रहे हैं तथा कार्यालय द्वारा सभी टिप्पणियां हिंदी में ही लिखी जा रहीं हैं। इसके अतिरिक्त कार्यालय की गृह पत्रिका का नाम संशोधित करके द्रोण ज्योति किया गया।

कार्यालय द्वारा प्रशासनिक शब्दावली की अनेक प्रतियां खरीदी गईं। कार्यालय के सभी अधिकारियों, कार्यालय अधीक्षकों व सभी शाखाओं को वितरित की गईं। अध्यक्ष महोदय ने जुलाई- सितंबर तिमाही के दौरान राजभाषा शाखा द्वारा किए गए कार्य की सराहना करते हुए सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को अपना शत-प्रतिशत कार्य हिंदी में करने के लिए प्रेरित किया। प्रभारी महोदय ने राजभाषा पखवाड़ा के दौरान राजभाषा शाखा विशेष कार्यों की अति प्रशंसा की गई। बैठक में सचिन सिंह, सन्नी कुशवाहा, रवीन्द्र कुमार, राजेंद्र बंसल आदि अधिकारी गण उपस्थित रहे। बैठक का संचालन में पवन कुमार व बिरजू सिंह द्वारा किया गया।